Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

Title: Need to protect the interest of employees of Sterlite Company rendered jobless -Laid.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : महोदय, मैं सदन का ध्यान श्रम मंत्रालय के अधीनस्थ संस्थान वी.वी. गिरी श्रम संस्थान के उस रिपोर्ट की तरफ आकृट करना चाहता हूं जिसमें भारत एल्युमिनियम कम्पनी बाल्को के निजीकरण के पश्चात नये प्रबंधन द्वारा लगीग 3500 कर्मचारियों को जबरन वी.आर.एस देकर उनके परिवारों को कठिनाई में डाल दिया है। निजी प्रबंधन स्टारलाइट कम्पनी ने सरकार के साथ हुए शेयर होल्डर समझौते का उल्लंघन कर कर्मचारियों के हितों की पूरी तरह अनदेखी की है तथा उन्हें कम्पनी से बाहर कर बेबस और असहाय कर दिया है। इन्हीं दयनीय कारणों से व्यथित और आहत होकर भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने निजीकरण किये गये प्रतिठानों जैसे बाल्को, माडर्न फूड आदि के कर्मचारियों के साथ हुए अमानवीय कृत्यों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था, जिसकी रिपोर्ट सार्वजनिक न करके उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

स्टार लाइट कम्पनी के साथ हुए समझौते से न तो वहां के स्थानीय नौजवानों को कोइ रोजगार मिला न तो क्षेत्र का कोई ि वकास हुआ, न वहां के कार्यरत लोगों को उनके कार्यों का भुगतान किया गया। बल्कि श्रम संबंधी मामलों में समझौते का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। जो किसी भी दृटिकोण से राट्रीय हित में नहीं है।

अतः मांग है कि सरकार और स्टार लाइट कम्पनी के बीच हुए समझौते में निर्दिट प्रावधानों के तहत इसकी समीक्षा कर समझौते को निरस्त कर दिया जाये।